बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड

5, विद्यापति मार्ग, पटना – 800001

बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड से संबद्ध मदरसों के प्रधान मौलवी मदरसे में अध्यनरत छात्र–छात्राओं को वर्ग फौकानिया एवं मौलवी परीक्षा 2023 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्ष फार्म भरने से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देशः–

1. ऐसे छात्र–छात्रा जिनका पंजीकरण गत वर्ष 2022 में सम्बंधित मदरसा के माध्यम से कराया गया है परन्तु वे परीक्षा फॉर्म नहीं भरे हों, उनको ये छूट अनुमान्य है की उनका केवल परीक्षा फॉर्म ही ऑनलाइन कार्यालय मदरसा बोर्ड के वेबसाइट पर उपलब्ध मदरसा डैशबोर्ड के माध्यम से आवेदन किया जाना है।

2. ऐसे छात्र–छात्राएं जो गत वर्ष 2022 के परीक्षा में अनुतीर्ण/अनुपस्थित रहे हैं, वैसे छात्र–छात्राओं को ये छूट है की उनका केवल परीक्षा फॉर्म ही वेबसाइट पर भरा जायेगा। यथा ऐसे छात्र–छात्राओं को पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है।

3. वर्ग मौलवी में परीक्षार्थी जिनका गत वर्ष परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन किया गया था, वैसे परीक्षार्थी यदि गत वर्ष पंजीकरण कर परीक्षा फॉर्म नहीं भरे हों अथवा परीक्षा में अनुतीर्ण/अनुपस्थित हुए हैं, उन्हें ये निर्देश दिया जाता है की वे इस वर्ष भी मौलवी आर्ट्स/मौलवी ईस्लामियात (Stream) में ही मदरसा के प्रधान मौलवी के माध्यम से परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन कार्यालय के वेबसाइट पर निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरेंगे। यदि उनके द्वारा उक्त वर्णित स्ट्रीम के अतिरिक्त अन्य स्ट्रीम में आवेदन किया जायेगा तो उसे कार्यालय के दृष्टिकोण से अस्वीकार्य माना जायेगा। यथा त्रुटियुक्त आवेदन की जिम्मेदारी संबंधित मदरसा के प्रधान मौलवी की ही होगी।

4. सभी सम्बंधित मदरसा के प्रधान मौलवी को ये निर्देश दिया जाता है की छात्र – छात्राओं का वर्ग फौकानिया / मौलवी परीक्षा फॉर्म 2023 एक बार भरने के बाद दुबारा नहीं भरना है, पेमेंट Success नहीं होने की स्थिति में मदरसा डैशबोर्ड में दिए गए (Pay via Application ID) ऑप्शन में जा कर मांगे गए Candidate Application ID & Candidate Ref. ID के अनुसार पुनः पेमेंट कर सकते हैं। एक ही छात्र – छात्रा का एक से ज्यादा बार पेमेंट करने पर पेमेंट रिफंड नहीं किया जायेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सम्बंधित मदरसा के प्रधान मौलवी की ही होगी।

5. वर्ष 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं का परीक्षा शुल्क वर्ग फौकानिया के लिए रु1000 प्रति छात्र एवं वर्ग मौलवी के लिए रु1100 प्रति छात्र निर्धारित किया गया है, जिसे ऑनलाइन भुगतान किया जाना है।

6. प्रत्येक मदरसा के प्रधान मौलवी का ये दायित्व होगा की वे उक्त दिशा निर्देश के आधार पर ही छात्र–छात्राओं का परीक्षा फार्म भरेगें। परीक्षा फॉर्म में अपलोड किये जाने वाले कैंडिडेट एप्लीकेशन फॉर्म पर संबंधित मदरसा के प्रधान मौलवी का हस्ताक्षर एवं मोहर का होना अनिवार्य है, इसके बिना कैंडिडेट एप्लीकेशन फॉर्म को कार्यालय द्वारा स्वीकार्य नहीं किया जायेगा जिसकी जवावदेही संबंधित मदरसा के प्रधान मौलवी की ही होगी।

7. सभी संबंधित मदरसा के प्रधान मौलवी को ये भी निर्देश दिया जाता है की परीक्षार्थिओं का ऑनलाइन आवेदन में की गयी परिविष्टि को अपने स्तर से जाँच एवं सम्पुष्टि उपरांत ही कार्यालय मदरसा बोर्ड के वेबसाइट पर उपलब्ध करायेगे। यदि किये गए परीक्षा आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है तो उसकी जिम्मेदारी भी प्रधान मौलवी की ही होगी एवं सबंधित छात्र–छात्राओं का आवेदन अथवा परीक्षा फल रद्द करने पर विचार किया जा सकता है। उपलब्ध कराये गए साक्ष्य के आधार पर ही कार्यालय द्वारा नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाई की जाएगी।

8. ज्ञातव्य हो की निर्धारित तिथि यथा 20 मार्च 2023 तक अनिवार्य रूप से सभी छात्र–छात्राओं का वर्गवार परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन कार्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाये।

03.03.2023

परीक्षा नियंत्रक
बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड,
पटना

03/03/23